e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, शुक्रवार, 10 मई 2019, वैशाख मास शुक्ल पक्ष षष्ठी, संवत् 2075 विक्रमी
वर्ष-12, अंक-204, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण
DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष
RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

लापता व्यक्ति का शव गोमती रिवर फ्रंट के पास मिला

डेली न्यूज़ नेटवर्क

- गोमती बैराज पर भी एक युवक का शव मिला, नहीं हुई शिनाख्त
- गोमतीनगर व हजरतगंज पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

लखनऊ। गोमतीनगर में बुधवार से लापता हुए 49 वर्षीय बुक डिजाईनर का शव गुरुवार की सुबह गोमती रिवर फ्रंट के पास गोमती नदी में उतराता हुआ मिला। लोगों से मिली जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया और छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर गोमती नदी बैराज के पास भी एक 32वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। जिसको लेकर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया है।

गोमतीनगर के विरामखंड-5 में रहने वाली डॉक्टर रेशमा सिद्दीकी ने बुधवार को अपने भाई इश्तियाक अहमद सिद्दीकी 49 के लापता होने की रिपोर्ट गोमतीनगर थाने में दर्ज कराई थी। डॉक्टर रेशमा द्वारा बताया गया था कि उनके भाई इश्तियाक अहमद सिददीकी अपनी पत्नी अजरा से कह कर गए थे कि वो घर से कुछ दूर जीवन प्लाज़ा किसी काम से जा रहे है लेकिन इश्तियाक वापस नही लौटे। डॉक्टर रेशमा सिददीकी की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर ही रही थी कि गुरूवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली की गोमती रिवर फ्रंट के पास गोमती नदी में एक पुरूष का शव पड़ा है।

पुलिस जब वहां पहुंची तो शव की शिनाख्त इश्तियाक अहमद सिददीकी के रूप मे हुई। अभी ये पता नही चल सका है कि इश्तियाक ने गोमती नदी में कूद कर आत्महत्या की है या फिर वो किसी हादसे का शिकार हुए है। मृतक इश्तियाक की 17 वर्ष की एक पुत्री है मृतक बुक डिजानर थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पूरे मामले की जांच शूरू कर दी है। दूसरी तरफ हजरतगंज इलाके में गोमती बैराज के पास गोमती नदी में एक 32 वर्षीय अज्ञात पुरूष का शव गुरूवार को गोमती बैराज में फंसे होने की सूचना पुलिस को 100 नंबर पर मिली। गोमती नदी में मिले अज्ञात पुरूष के शरीर पर ग्रे-रंग का लोवर और लाल रंग की शर्ट थी शव 6 से 7 दिन पुराना होने की वजह से शव बुरी तरह से सड़ गया था। जिसके कारण मृतक के शरीर पर चोट के कोई जाहिरा निशान नजर नही आ रहा था। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने गोमती बैराज में फंसे शव को किसी तरह से गोताखोरों की मदद से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अब मृतक के शव की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

बीजेपी नेता गिरिराज पर एफआईआर दर्ज करने के लिए दी गई तहरीर

लखनऊ। मुस्लिम समुदाय के पैगम्बर मोहम्मद साहब और उनकी बेटी के खिलाफ दिए गए गिरिराज के बयान से मुस्लिम समुदाय काफी नाराज है। इस संबंध में सआदतगंज के कश्मीरी मोहल्ला इलाके में रहने वाले पार्षद लईक आगा ने केंद्रीय राज्य मंत्री गिरिराज के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। जिसको लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।